
एक नजर में

## फिर एक प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के आगे कूदकर समाप्त की जीवन लीला

**बामनिया..** पेटलावद बामनिया स्थित दिल्ली-मुंबई रेल लाइन पर शुक्रवार



दोपहर लगभग 12 बजे एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहाँ एक प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। रेलवे पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की गहराई से जांच की जा रही है, ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। आखिर दोनों किन कारणों से एक साथ ट्रेन के आगे कूदे।

## वार्डन एवं सहायक वार्डन का प्रशिक्षण



**आलीराजपुर** ।सर्व शिक्षा अतर्गत संचालित समस-?त नेतजी सुभाष चन-?द्र बोस एवं कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास की वार्डन एवं सहायक वार्डन की मेकर आईडी एवं डिजिगों पर पेमेंट करने हेतु डिप्टी कलेक्टर (डी.पी.सी) निर्मला कलमे के मागदर्शन में जिला शिक्षा केन्द्र के सहायक परियोजना समन्वयक (वित्त) शैलेन्द्र बामनिया एवं लेखापाल विरेन्द्र सोलंकी द्वारा भुगतान में आने वाली परेशानी को दूर करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला परियोजना समन-?वयक जिला शिक्षा केन्द्र जिला आलीराजपुर में दिया गया ।उपस्थित सभी वार्डन एवं सह?ायक वार्डन ने उक्त प्रशिक्षण को गंभीरता से लिया तथा डिपीसी मेम का आभार व्यक्त किया प्रशिक्षण में डीपीसी मेम निर्मला कलमे एवं एपीसी जेण?डर आशा भावसार भी उपस्थित थी..

## अनुविभागीय अधिकारी पांडे द्वारा छात्रावास का किया निरीक्षण



**आलीराजपुर** ।अनुविभागीय अधिकारी तपीस पांडे ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा जिले के समस्त छात्रावास में शासन की मंशा अनुरूप व्यवस्था एवं भोजन आदि का सुचारू संचालन करने एवं व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश पूर्व में दिए गए जिनके परिपालन में रात्री 9:55 बजे शासकीय आदिवासी सीनियर बालक जिला स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावास आलीराजपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए, साथ ही छात्रों एवं अन्य से चर्चा के दौरान ज्ञात हुआ कि अधीक्षक रात के समय छात्रावास में निवास नहीं करते है, भोजन, प्रकाश, साफ सफाई, शौचालय एवं अन्य व्यवस्थाओं में कमी होना पाया गया ।जिसका जॉच प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित विभाग को दिया गया साथ ही संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर श्रीमती माथुर को प्रस्तावित भी किया गया ।

## मुख्य सचिव द्वारा वीसी के माध्यम से समीक्षा की



**आलीराजपुर**।मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से कृषि एवं संबंध क्षेत्र, स्वास्थ्य एवं पोषण, रोजगार, उद्योग एवं निवेश, नगरीय विकास, सुशासन, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं कानून व्यवस्था आदि विषयों पर समीक्षा की गई ।इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर सहित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

## आंगनवाड़ी तथा प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों की कंट्रोल रूम से होगी नियमित मॉनिटरिंग

**आलीराजपुर** ।जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों तथा प्राथमिक/ माध्यमिक विद्यालयों के नियमित संचालन और पोषण आहार एवं मध्यान्ह भोजन की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नीतू माथुर ने निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नीतू माथुर के आदेश के अनुसार जिला कार्यालय में स्थित कंट्रोल रूम के प्रभारी श्री मुकेश डावर, प्रबंधक लोक सेवा केंद्र द्वारा प्रतिदिन कम से कम 10 आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों की मॉनिटरिंग की जाएगी। यह मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम में उपलब्ध अनुबंधित संलग्न कर्मचारी के माध्यम से की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों के खुलने, दर्ज बच्चों की संख्या तथा बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार और मध्यान्ह भोजन वितरण की जानकारी संकलित की जाएगी। उक्त संबंधित जानकारी प्रबंधक लोक सेवा केंद्र द्वारा अधीनस्थ शासकीय सेवकों से प्राप्त कर कंट्रोल रूम में दर्ज की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## विनय भाबोर मप्र आदिवासी विकास परिषद् के प्रदेश संगठन सचिव एवं मथियास भूरिया जिलाध्यक्ष मनोनीत

**झाबुआ।** मप्र आदिवासी विकास परिषद् अध्यक्ष एवं मप्र



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने संगठन के वर्तमान जिलाध्यक्ष एवं युवा सक्रिय पार्षद विनय भाबोर को परिषद् का प्रदेश संगठन सचिव बनाया है। वहीं पूर्व जनपद सदस्य रानापुर एवं युवा नेता मथियास भूरिया को संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। दोनो पदाधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें आदिवासी समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान हेतु कार्य करने का आव्हान किया है। साथ ही परिषद् को मजबूत बनाने और पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का पालन करने हेतु निर्देशित किया है। विनय भाबोर एवं मथियास भूरिया के इस मनोनयन पर सभी इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। मथियास भूरिया, जिलाध्यक्ष, मप्र आदिवासी विकास परिषद्। विनय भाबोर, प्रदेश संगठन सचिव, मप्र आदिवासी विकास





# भारत को विकसित बनाने एकजुट होकर एक मंच पर कार्य करें : डॉ.शर्मा

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग द्वारा 'विकसित भारत संकल्प संवाद' अंतर्गत प्रबुद्धजन विचार गोष्ठी काआयोजन

- आज ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से पूरा देश और दुनिया जूझ रहीं है -: राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप चौधरी
- अतिथियों एवं आयोग के पदाधिकारियों का अभिनंदन-पत्र और प्रतीक चिन्ह से हुआ सम्मान

**झाबुआ। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग द्वारा 'विकसित भारत संकल्प संवाद' अंतर्गत प्रबुद्धजन विचार गोष्ठी का आयोजन 28 नवंबर, शुक्रवार दोपहर 11 बजे से स्थानीय लक्ष्मीनगर स्थित अंबा रिसोर्ट पर रखा गया। यह आयोजन विकसित भारत संकल्प संस्थान एवं सामाजिक महासंघ जिला इकाई के सहयोग से संपन्न हुआ।**

उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विकसित भारत संकल्प संस्थान के अंर्तराष्ट्रीय चिंतक एवं विचारक डॉ. महेश शर्मा, जयपुर (राजस्थान) उपस्थित थे। अध्यक्षता सेव अर्थ मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप चौधरी, अहमदाबाद (गुजरात) ने की। विशेष अतिथि के रूप में शिवगंगा अभियान एवं जनजातिय संस्कृति चिंतक कार्यकर्ता राजाराम कटारा, आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय संयोजक ओमप्रकाश शर्मा, राजयोगिनी ब्रम्हकुमारी ज्योति दीदी, शासकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अंजना मुवेल, वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. केके त्रिवेदी और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शांति वसुनिया के साथ एनके सिंह, राहुल पांडे, विशाल पंड्या एवं कनक पंडया मंचासीन रहीं। प्रारंभ में अतिथियों ने सामूहिक दीप प्रज्जवलन किया। सरस्वती वंदना शारदा समूह के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। स्वागत गीत आयोग की महिला सेल की संभाग प्रभारी अन्नू भाबोर ने गाया। आव्हान गीत की प्रस्तुति प्रकाशचन्द्र त्रिवेदी ने दी। अतिथियों का स्वागत आयोग के प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक बलसोरा एवं सह-संयोजक डॉ. एमएल फुलपगारे, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीरजसिंह राठौर, संस्था के पदाधिकारी बापूसिंह कटारा, मातृ शक्तियों में चेतना चौहान, गोरी कटारा, संध्या कुलकर्णी आदि ने आयोग का दुपट्टा पहनाकर किया। स्वागत उद्बोधन संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक बलसोरा ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग द्वारा प्रबुद्ध विचार गोष्ठी का आयोजन विकसित भारत के निर्माण में हम सभी की भूमिका विषय पर रखा गया। जिसमें प्रबुद्धजनों द्वारा इस पर विचार-विर्मश करने के साथ देशहित में उचित निर्णय और संकल्प लिया जाना है।

**ग्लोबल वार्मिंग देश-दुनिया के लिए सबसे बड़ी समस्या-** विचार गोष्ठी में सेव अर्थ मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप चौधरी ने बताया कि आज ग्लोबल वार्मिंग देश और दुनिया के लिए सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभर रहीं है। जिसके लिए सेव अर्थ मिशन द्वारा सत्त किया जा रहा है। इससे निपटने के लिए हमे अधिकाधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को सहेजने की आवश्यकता है। साथ ही प्राकृतिक दोहन को रोकने की भी जरूरत है। आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय संयोजक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि जब हम सभी स्वयं आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी देश मजबूत और सशक्त बनेगा। इसके लिए स्वदेशी वस्तुओं को जीवंत पर्यंत अपनाना भी अत्यंत आवश्यक है। देश के विकास और प्रगति में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवाओं को आगे आकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करना होगा।

**विकसित भारत के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक-** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विकसित भारत संकल्प संस्थान के अंर्तराष्ट्रीय चिंतक एवं विचारक डॉ. महेश शर्मा, जयपुर (राजस्थान) ने उपस्थित विद्यार्थियों, गणमान्यजनों एवं बुद्धिजीवियों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से जाना कि हम भारत को विकसित बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर क्या-क्या प्रयास कर सकते है। बाद बताया कि विकसित भारत संकल्प संस्थान द्वारा 7 विषयों पर वर्षों से कार्य किया जा रहा है। विकसित भारत बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर एक मंच पर आकर सामूहिक प्रयास की जरूरत है। हमे समझना होगा कि हमारा अस्तित्व हमारे स्वयं से नहीं अपितु भारत से है। जिस धरती पर हमने जन्म लिया, उसकी रक्षा करना और उसके विकास के लिए कार्य करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

### अभिनंदन-पत्र भेंटकर किया सम्मान

गोष्ठी के समापन सत्र में सभी अतिथियों एवं वक्ताओं का अभिनंदन-पत्र भेंटकर सम्मान आयोग के पदाधिकारियों में रेखा भूरिया, बलवीरसिंह डामोर, बीएस नायक, प्रदीप पंड्या, कुलदीपसिंह पंवार, जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी, कुलदीपसिंह पंवार, संजीव सिनम आदि ने किया। वहीं आयोजन को सफल बनानें में विशेष सहयोग संस्था के दीपक गोड़, संतोष भूरिया, संगीता भाबोर, पायल बघेल, नाथुलाल पाटीदार, चंपा सिंगोड़, कुसुम डावर, कुसुम कनेश, साधना सोनी, सविता गुप्ता, नीतू डामोर, रागिनी राठौर, स्मृति भट्ट, ललिता डूडवे, आदि ने प्रदान किया। इस अवसर पर आयोग के सभी सेवाभावी सदस्यों को अतिथियों ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर उत्साहवर्धन किया। विचार गोष्ठी का सफल संचालन सामाजिक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष शरतचन्द्र शास्त्री ने किया एवं आभार आयोग के सीनियर सीटिजन प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एमएल फुलपगारे ने माना। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगान गाया गया।

### प्रदूषण से बचाव और पर्यावरण की रक्षा करना होगी

वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. केके त्रिवेदी ने अपने व्यक्तव्य में बताया कि कि देश में वर्तमान दौर में वाहनों की संख्या करोड़ो में होने से प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। हवा के साथ आज जल भी प्रदूषित हो गया है। खुशहाल और आनंदमय जीवन जीने का संकट खड़ा हो गया है। प्रदूषण से बचाव के लिए हमे वाहनों का उपयोग कम से कम करने के साथ पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिकाधिक पौधारोपण कर जल, जंगल, जमीन को कटने से बचाना होगा। शिवगंगा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजाराम कटारा ने अपने संक्षिप्त उद्बार में बताया कि शिवगंगा द्वारा पंच तत्वों पर कार्य किया जाता है। उन्होंने भारत माता की रक्षा के लिए कृत-संकल्पित होकर जमीनी स्तर पर कार्य करने की बात कहीं।

### अतिथियों को स्केच पेटिंग भेंट की गई

इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकार पं. गणेशप्रसाद उपाध्याय, पीडी रायपुरिया, जयेन्द्र बैरागी आदि ने आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और पर्यावरण संबंधी सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की। वहीं आयोग के प्रदेश संरक्षक संतोषसिंह गेहलोत, संकल्प ग्रुप संयोजक भारती सोनी, प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ललित त्रिवेदी, पं. गणेशप्रसाद उपाध्याय आदि ने आयोजन के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए। बालिका जानकी डावर द्वारा वक्ता एवं अतिथियों को सुंदर स्केच पेटिंग भेंट की गई।

# दिवान वाखला प्रकरण में नया मोड़: परिजनों ने महेश पटेल से की मुलाक़ात, जाँच कराकर न्याय की गुहार लगाई

**आलीराजपुर** ।ग्राम कंजावानी, के दिवान वाख़ला की संदिग्ध मौत के मामले में उनके परिजनो ने आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल के निवास पर पहुँचे। मृतक के पिता, पत्नी और नन्हीं बच्ची ने भावुक होकर बताया कि दिवान वाखला की मौत को पुलिस ने दुर्घटना बताया है, जबकि परिवार का आरोप है कि यह सुनियोजित हत्या है जिसे दबाने की कोशिश हो रही है।परिजनों ने कहा कि वे कई नेताओं तक न्याय की गुहार लेकर पहुँचे, लेकिन कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। अंतत: वे न्याय की उम्मीद लेकर महेश पटेल से मिलने आलीराजपुर आए।

महेश पटेल ने परिवार की पूरी बात गंभीरता से सुनते हुए उन्हें ढांढस बंधाया और कहा– 'आप चिंता मत करें, न्याय की लड़ाई में मैं आपके साथ हूँ। दोषियों पर कार्रवाई और निष्पक्ष जाँच के लिए हर स्तर पर प्रयास करूँगा।'

विधानसभा में उठाने के लिए मृतक की पत्नी ने सौंपा आवेदन-पत्र : दिवान वाखाला की पत्नी शिल्पा वाखला ने एक विस्तृत आवेदन-पत्र विधानसभा अध्यक्ष को संबोधित कर सौंपा है, जिसकी प्रतिलिपि विधायक महेश पटेल को भी दी गई। पत्र में उन्होंने कहा कि—उनके पति की मौत 21 जुलाई 2025 को हुई,परन्तु पुलिस ने मामले को जल्दबाज़ी में एक्सीडेंट करार दिया,कॉल डिटेल, घटनास्थल जाँच, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ जैसी महत्वपूर्ण कार्यवाही नहीं की गई,शिकायत के बावजूद पुलिस-प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।,



### आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की

पीड़िता ने विधानसभा के माध्यम से उचित एवं निष्पक्ष जाँच कराने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए महेश पटेल ने कहा कि वे पीड़िता का आवेदन विधानसभा में प्रस्तुत करवाएंगे और सरकार व संबंधित विभागों से इस मामले की उच्चस्तरीय जाँच की मांग करेंगे। परिजनों ने उम्मीद जताई कि लंबे समय से जारी अन्याय की पीड़ा को अब आवाज़ मिलेगी और दिवान वाख़ला को न्याय दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## जिले की राजस्व सीमा में चायना मेड नायलोन डोर पर क्रय एवं विक्रय पर पूर्णरूप से प्रतिबंध - कलेक्टर

**आलीराजपुर** ।आगामी दिनों में मकर संक्राती को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नीतू माथुर ने जिले की राजस्व सीमा में पतंगबाजी में उपयोग की जाने वाली नायलॉन डोर के क्रय विक्रय पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। जिले में पतंगबाजी के दौरान चायना मेड नायलोन डोर परस्पर पतंग काटने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिससे नागरिकों एवं पशु-पक्षियों के घायल होने की स्थितियों बनती है। विद्युत वितरण कंपनी के तारों में यह धागा उलझने से तार टकराने के कारण विद्युत व्यवस्था प्रभावित होती है। उक्त स्थिति निर्मित न हो एवं मानव सहित पशु पंक्षियों की जानमाल का खतरा को ६?यान में रखते हुए जिले की राजस-?व सीमा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 की धारा 163(1) के तहत चायना मेड नायलोन डोर पर क्रय एवं विक्रय पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाया गया है ।



## राज्य स्तरीय पॉवरलिफ्टिंग और वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**झाबुआ।** राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग एवं वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह जय बजरंग व्यायामशाला में आयोजित किया गया। यह परंपरा व्यायाम शाला के संस्थापक स्व. सुशील वाजपेयी द्वारा शुरू की गई थी, जिसके अनुसार जो भी खिलाड़ी मेडल जीतकर व्यायामशाला का नाम रोशन करता है, उसका सम्मान किया जाता है।

इस वर्ष वेटलिफ्टिंग में लक्ष्मी बामनिया, अर्चना तोमर, प्रियंका, छाया मावी, सोनिया डामोर, ऋतिज्ञा भाबोर और जिज्ञासा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई मेडल अपने नाम किए। वहीं पावरलिफ्टिंग में अर्जुन भूरिया, उमेश मेड़ा और सौम्य देवड़ा ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विजेता बने और व्यायाम शाला तथा जिले का मान बढ़ाया। सम्मान समारोह में व्यायाम शाला अध्यक्ष उमंग सक्सेना, सुनीता सुशील वाजपेयी, यशवंत भंडारी, सौरभ सक्सेना, संजय भूरिया, कमलसिंह गरवाल, दिलीप डामोर, प्रियांशी नानूडी एवं व्यायामशाला के कोच गुलाबसिंह गुंडिया सहित सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने खिलाड़ियों के समर्पण, मेहनत और अनुशासन की सराहना की। साथ ही कहा कि पॉवर लिफटिंग और वेटलिफ्टिंग में जय बजरंग व्यायाम शाला निरंतर खेल प्रतिभाओं को उचित मंच दे रही है और आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहराएंगे।

**एक नजर** कलेक्टर एसडीएम कर रहे लगातार मोनिटरिंग,तहसीलदार सहित राजस्व,शिक्षा नगर पालिका,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कर रहे मेहनत

# एसआईआर प्रक्रिया में पेटलावद विधानसभा 82 .23 प्रतिशत के साथ पूरे जिले में पहुंचा टॉप पर

**पेटलावद .** मध्यप्रदेश में शासन के निर्देश पर मतदाता सूची पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया सम्पादित की जा रही है।इसी क्रम में जिला कलेक्टर नेहा मीणा ओर पेटलावद एसडीएम तनुश्री मीणा के मार्गदर्शन में पेटलावद विधानसभा 195 में भी एसआईआर का काम बीएलओ के द्वारा किया जा रहा है जिसमे बीएलओ के द्वारा मतदाताओ के घर घर जाकर मतदाताओं से निर्धारित प्रारूप में तैयार किया जा रहा है, उल्लेखनीय है कि इस प्रक्रिया में शिक्षक बीएलओ शांतिलाल गहलोत देवेंद्रसिह गौड विनोद परमार अनिल गुप्ता सपना मुलेवा स्नेहा पुरोहित देवेंद्र भट रेणुका मकवाना सोनू वास्कले दिव्या वास्कर के साथ ही आंगनवाड़ी



कार्यकर्ताओं की ड्यूटी भी शासन द्वारा लगाई गई है इस सम्बंध में बात करे पेटलावद विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 195 कि तो तहसीलदार पेटलावद एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री अनिल बघेल ओर रामा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी व तहसीलदार परमेश जेन के साथ ही साथ नायब तहसीलदार झकनावदा विजेंद्र कटारे,नायब तहसीलदार सारँगी अंकिता भिंडे सीएमओ आशा भंडारी लगातार राजस्व विभाग के पटवारी ओर कर्मचारीयो सहीत निर्वाचन से जुड़े कर्मचारियों के द्वारा दिन-रात लगातार इस कार्य को पूरा करने के प्रयास किये जा रहे।

राजस्व विभाग नगर पालिकाकी इस टिम कि मेहनत की बदौलत ही झाबुआ जिले में पेटलावद विधानसभा क्षेत्र पूरे जिले में प्रथम पायदान पर खड़ा होंकर बड़ी उपलब्धि की ओर आगे बढ़ रहा है। तहसीलदार पेटलावद श्री अनिल बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि पेटलावद विधानसभा में 3 लाख 685 मतदाता है जिनमे से आज तक प्रशासन की लगातार प्रयासों के चलते 2 लाख 47 हजार 252 मतदाताओ की एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए .